# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 22 सितंबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GSEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



**Rajasthan Current Affairs**

by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 18 सितम्बर को किस शहर में ‘नमो टॉय बैंक’ का उद्घाटन किया?

(A) जयपुर

**(B) कोटा**

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

- लोकसभा अध्यक्ष एवं कोटा-बूंदी से सांसद ओम बिरला ने 18 सितम्बर को कोटा शहर में ‘नमो टॉय बैंक’ का उद्घाटन किया।
- ▪ स्थान – कोरड़ी रोड, गुमानपुरा स्थित परिधान उपहार केंद्र
- ▪ उद्देश्य – बच्चों की मुस्कान और हर घर में खुशी व आत्मसम्मान का वातावरण बनाना
- खास बात यह है कि इस पहल का संचालन स्वयं स्कूली बच्चे करेंगे।
- इसका उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद बच्चों तक खिलौनों के साथ मुस्कान पहुँचाना है।

01. हाल ही में राजस्थान मिलेट एंड मस्टर्ड कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन 17-18 सितंबर 2025 को कहां किया गया?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नहीं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- फिक्की राजस्थान और कृषि विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा "राजस्थान मिलेट एंड मस्टर्ड कॉन्क्लेव 2025" का आयोजन होटल ललित, जयपुर में 17-18 सितंबर 2025 को हुआ था,
- राजस्थान मिलेट एंड मस्टर्ड कॉन्क्लेव की थीम "रेजिलिएंट क्रॉप्स विद इनोवेटिव टेक्नोलॉजीस" (अभिनव प्रौद्योगिकियों के साथ लचीली फसलें) थी.
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य मिलेट्स और सरसों की मूल्य श्रृंखला को बढ़ावा देना था और इसमें भारत सरकार के कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने भाग लिया था.
- राज्य में कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा।

02. हाल ही में राजस्थान के किस विभाग को डिजिटली शाला स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रतिष्ठित गोल्ड स्कॉच अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है?

(A) स्कूल शिक्षा विभाग

(B) उच्च शिक्षा विभाग

(C) चिकित्सा विभाग

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान के स्कूल शिक्षा विभाग को शिक्षा क्षेत्र में डिजिटली शाला स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रतिष्ठित गोल्ड स्कॉच अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है.
- राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त श्रीमती अनुपमा जोरवाल ने दिल्ली में आयोजित स्कॉच समिट समारोह में ग्रहण किया अवॉर्ड।
- पुरस्कार स्कॉच ग्रुप के चेयरमैन और स्कॉच डेवलपमेंट फाउंडेशन के अध्यक्ष समीर कोचर द्वारा प्रदान किया गया।
- राजस्थान देश का पहला राज्य है जिसने स्कूल स्तर पर हेल्थ चेकअप को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा है

**03. हाल में राजस्थान में भारतीय सेना द्वारा 'अमोघ फ्यूरी' नामक सैन्य अभ्यास का आयोजन कहां किया गया?**

(A) श्रीगंगानगर

(B) बीकानेर

(C) बाड़मेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान के थार मरुस्थल स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (बीकानेर) में सप्त शक्ति कमान ने 'अमोघ फ्यूरी' नामक इंटीग्रेटेड फायर पावर एक्सरसाइज का सफल आयोजन किया।
- इस उच्च तीव्रता वाले फायर पावर एक्सरसाइज में विभिन्न फायरिंग प्लेटफार्मों के बीच बेहतरीन समन्वय और तालमेल प्रदर्शित किया गया।
- भारतीय सेना ने बहु-क्षेत्रीय युद्ध परिदृश्य में अपनी तत्परता दिखाते हुए सैनिकों की त्वरित तैनाती, आक्रामक जमीनी कार्रवाइयों और संयुक्त युद्धक अभियानों का प्रदर्शन किया।
- 'अमोघ फ्यूरी' नाम के इस अभ्यास में युद्धक टैंक, इन्फैंट्री कॉम्बैट वाहन, आक्रमणकारी हेलीकॉप्टर, लंबी दूरी की क्षमता वाले आर्टिलरी सिस्टम, ड्रोन समेत अत्याधुनिक हथियार प्रणालियां शामिल रहीं।

04. राजस्थान में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस समारोह का आयोजन 23 सितम्बर 2025 को कहां किया जाएगा?

(A) जयपुर

(B) उदयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस समारोह का आयोजन 23 सितम्बर 2025 को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में किया जाएगा
- जयपुर में 10वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (NIA) में 20 सितम्बर को रन फॉर आयुर्वेद और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।
- हवामहल और बड़ी चौपड़ तक निकली इस रैली में 16 देशों के विद्यार्थियों के साथ हजारों छात्र-छात्राओं, चिकित्सकों, शिक्षकों और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**05. राजस्थान में राज्य स्तरीय अमृता हाट का आयोजन 21 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक कहां किया जा रहा है?**

(a) जयपुर

(b) कोटा

(c) अलवर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार महिला अधिकारिता विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, जयपुर द्वारा राज्य स्तरीय अमृता हाट का आयोजन 21 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक जवाहर कला केंद्र के दक्षिण परिसर में किया जा रहा है।
- राज्य मंत्री डॉ. मंजू बागमर ने अमृता हाट का उद्घाटन किया।
- इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों की प्रतिभा को मंच प्रदान कर उन्हें आर्थिक सशक्तीकरण की मुख्यधारा से जोड़ना है।
- अमृता हाट में राजस्थान के सभी जिलों की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित आकर्षक हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा।

06. हाल ही में झालावाड़ जिले में विद्युत चोरी की रोकथाम और सक्रिय अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए कौनसा ऑपरेशन संचालित किया गया ?

(A) ऑपरेशन ऊर्जा प्रहार

(B) ऑपरेशन ऊर्जा शक्ति

(C) ऑपरेशन शक्ति प्रहार

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- झालावाड़ जिले में विद्युत चोरी की रोकथाम और सक्रिय अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए एक अभूतपूर्व पहल की गई है.
- जयपुर डिस्कॉम और जिला पुलिस विभाग ने मिलकर एक गोपनीय और व्यापक अभियान चलाया, जिसे "ऑपरेशन ऊर्जा प्रहार" नाम दिया गया है.
- इस ऑपरेशन के तहत, जिले के 660 ठिकानों पर अचानक छापेमारी की गई. इस कार्रवाई में मुख्य रूप से उन लोगों को निशाना बनाया गया जो हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर अपराधी और मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त थे.
- इस अभियान के दौरान, 371 आरोपियों पर कुल 1.20 करोड़ रुपए का भारी भरकम जुर्माना लगाया गया.

**07. राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) के किस सदस्य ने इस्तीफा दिया है?**

(A) डॉ संगीता आर्या

(B) केसरी सिंह राठौड़

(C) डॉ मंजु शर्मा

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) की सदस्य डॉ मंजु शर्मा ने दिया इस्तीफा
- RPSC के सदस्यों में कार्यकाल से पहले इस्तीफ़ा देने वाली तीसरी सदस्य बनी मंजू शर्मा
- इनसे पहले कांता खतूरिया, दिव्या सिंह भी इस्तीफ़ा दे चुकी है।
- मंजु शर्मा के अलावा 4 अन्य सदस्य (संगीता आर्या, केसरी सिंह राठौड़, कैलाश चंद मीणा, अयूब खान)
- राजस्थान लोक सेवा आयोग में 01 (अध्यक्ष)+10 (सदस्य) JULY 2025 से (संविधान के अनुच्छेद 318(क) के तहत बड़ा बदलाव) पहले 1 अध्यक्ष + 7 सदस्य

राजस्थान लोक सेवा आयोग के नये अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**08. राजस्थान में 132वें कोटा राष्ट्रीय दशहरा मेले में कितने फीट का दुनिया का सबसे बड़ा पुतला बनाया जा रहा है?**

(A) 266 फीट

(B) 215 फीट

(C) 209 फीट

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में 132वें कोटा राष्ट्रीय दशहरा मेले में इस बार रावण का पुतला रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। यहाँ 215 फीट का पुतला बनाया जा रहा है जो दुनिया का सबसे बड़ा पुतला होगा।
- विजयदशमी पर 2 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त में रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रावण के पुतले का दहन रिमोट कंट्रोल से किया जाएगा
- इस दौरान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम भी मौके पर मौजूद रहेगी।
- इस साल कोटा में रावण के पुतलों के निर्माण पर सबसे अधिक 44 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

09. दुबई में आयोजित 28वीं UPU कांग्रेस में किस देश को प्रशासन परिषद और डाक संचालन परिषद (POC) के लिए पुनः निर्वाचित किया गया?

(a) भारत

(b) चीन

(c) जापान

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- UPU प्रशासन परिषद और POC के लिए पुन: निर्वाचित हुआ भारत
- दुबई में आयोजित 28वीं UPU कांग्रेस में भारत को प्रशासन परिषद और डाक संचालन परिषद (POC) के लिए पुन: निर्वाचित किया गया।
- भारत 1876 से UPU का सदस्य रहा है और वैश्विक डाक नेटवर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।
- यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (UPU) एक संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है जो वैश्विक स्तर पर डाक क्षेत्र के हितधारकों के बीच सहयोग को सुगम बनाती है।

10. हाल ही में भारतीय सिनेमा के विकास और विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान" के लिए 55वे दादा साहब फाल्के पुरस्कार से किसे सम्मानित किया जाएगा?

(a) अभिनेता मोहनलाल

(b) अभिनेता जैकी श्राफ

(c) अभिनेता गोविंदा

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- मलयालम फिल्मों के मशहूर अभिनेता मोहनलाल को 55वे दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- •भारतीय सिनेमा के विकास और विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान" के लिए यह पुरस्कार उन्हें 71 वे नेशनल फिल्म अवार्ड में 23 सितंबर 2025 को दिया जाएगा।
- 2001 में पद्म श्री, 2019 में पद्म भूषण

✓ दादा साहेब फाल्के पुरस्कार • भारत में सिनेमा जगत में दिया जाने वाला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार • शुरुआत- 1969 • पुरस्कार राशि – 15 लाख रुपए

- • पहला दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देविका रानी को दिया गया था। व 54वा दादा साहब फाल्के पुरस्कार मिथुन दा को दिया गया।

**Today, Quiz:**

**Q.हाल ही में राजस्थान का नया अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) किसे नियुक्त किया गया है?**

(A) भरत व्यास

(B) अनिल चौधरी

(C) विनय कुमार

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine